


मेरा फरीदाबाद

फरीदाबाद, मंगलवार, 24 दिसम्बर 2024

www.nationalpraharinews.com

नेशनल प्रहरी दैनिक

# अग्रवाल महाविद्यालय बल्लभगढ़ में मनाया गया राष्ट्रीय गणित दिवस उत्साह पूर्वक




**नेशनल प्रहरी/रघुबीर सिंह**

**फरीदाबाद।** अग्रवाल महाविद्यालय बल्लभगढ़ में महान गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन के 137 वें जन्म दिवस के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय गणित दिवस उत्साह पूर्वक मनाया गया।

यह कार्यक्रम देवेंद्र कुमार गुप्ता (अग्रवाल कॉलेज गवर्निंग बॉडी के अध्यक्ष), दिनेश गुप्ता (अग्रवाल कॉलेज गवर्निंग बॉडी के महासचिव) और कार्यवाहक प्राचार्य डॉ. संजीव कुमार गुप्ता के मार्गदर्शन में उत्साह के साथ मनाया गया। प्रसिद्ध गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन की जयंती को याद करने के लिए, छात्रों को रचनात्मक और इंटरैक्टिव तरीके से गणित के साथ जुड़ने के लिए दो रोमांचक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया− राष्ट्रीय स्तर की ऑनलाइन पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता राष्ट्रीय स्तर की ऑनलाइन क्विज़ प्रतियोगिता। क्विज़ प्रतियोगिता 22 दिसम्बर को आयोजित की गई थी और पोस्टर जमा करने की अंतिम तिथि 20 दिसम्बर थी।

गणित विभाग अध्यक्ष एवं कार्यक्रम संयोजक डॉक्टर के. एल. कौशिक ने बताया कि इस दिवस को मनाने का उद्देश्य छात्रों में गणितीय अवधारणाओं को बढ़ावा देना एवं कलात्मक प्रतिभा प्रदर्शित करने के लिए एक मंच प्रदान करना है। पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में 6 अलग-अलग संस्थानों के कुल 32 छात्रों ने भाग लिया। प्रतिभागियों ने भारतीय गणितज्ञ और उनके योगदान, जीवन में गणित की भूमिका और श्रीनिवास रामानुजन के योगदान-विषयों पर रचनात्मक रूप से पोस्टर तैयार किए। एम. एल. एन. कॉलेज यमुनानगर से कुमकुम रानी ने प्रथम स्थान, अग्रवाल कॉलेज बल्लभगढ़ से राधिका ने द्वितीय स्थान और एस. एम. एम. पलवल से मोनिका ने पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में तृतीय स्थान प्राप्त किया।

राष्ट्रीय स्तर की ऑनलाइन क्विज़ प्रतियोगिता का उद्देश्य छात्रों के गणितीय अवधारणाओं के ज्ञान और समझ का परीक्षण करना होता है। इस क्विज़ में 11 अलग-अलग संस्थानों के कुल 52 छात्रों ने भाग लिया। क्विज प्रतियोगिता में बीजगणित, ज्यामिति और संख्या सिद्धांत जैसे गणित की विभिन्न शाखाओं से संबंधित प्रश्नों के साथ-साथ श्रीनिवास रामानुजन के जीवन और कार्य पर आधारित प्रश्न शामिल थे। एम. एल. एन. कॉलेज, यमुनानगर से कार्तिक ने प्रथम स्थान, श्याम लाल कॉलेज, दिल्ली से भवर सिंह ने द्वितीय स्थान और अग्रवाल कॉलेज बल्लभगढ़ से सुधांशु मोहपात्र ने क्विज़ प्रतियोगिता में तृतीय स्थान प्राप्त किया। गूगल फॉर्म के माध्यम से कार्यक्रम को सुचारु रूप से आयोजित किया गया, जिससे विभिन्न क्षेत्रों में प्रतिभागियों के लिए व्यापक पहुंच सुनिश्चित हुई। यह एक सफल आयोजन रहा, जिससे प्रतिभागियों को गणित की दुनिया का अन्वेषण करने के लिए प्रेरित किया गया।

आयोजन सचिव की भूमिका डॉक्टर प्रिया अरोड़ा ने निभाई। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में गणित विभाग के समस्त प्रवक्ता गणों ने महत्वपूर्ण सहयोग दिया।








## FARIDABAD

# अग्रवाल महाविद्यालय बल्लभगढ़ में महान गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन के 137 वें जन्म दिवस के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय गणित दिवस उत्साह पूर्वक मनाया




**Bharat Darshan Faridabad News, 23 December 2024 :** अग्रवाल महाविद्यालय बल्लभगढ़ में महान गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन के 137 वें जन्म दिवस के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय गणित दिवस उत्साह पूर्वक मनाया गया। यह कार्यक्रम देवेंद्र कुमार गुप्ता (अग्रवाल कॉलेज गवर्निंग बॉडी के अध्यक्ष), श्री दिनेश गुप्ता (अग्रवाल कॉलेज गवर्निंग बॉडी के महासचिव) और कार्यवाहक प्राचार्य डॉ. संजीव कुमार गुप्ता के मार्गदर्शन में उत्साह के साथ मनाया गया। प्रसिद्ध गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन की जयंती को याद करने के लिए, छात्रों को रचनात्मक और इंटरैक्टिव तरीके से गणित के साथ जुड़ने के लिए दो रोमांचक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया: 'राष्ट्रीय स्तर की ऑनलाइन पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता' और 'राष्ट्रीय स्तर की ऑनलाइन क्विज़ प्रतियोगिता'। क्विज़ प्रतियोगिता 22.12.2024 को आयोजित की गई थी और पोस्टर जमा करने की अंतिम तिथि 20.12.2024 थी।

गणित विभाग अध्यक्ष एवं कार्यक्रम संयोजक डॉक्टर के. एल. कौशिक जी ने बताया कि इस दिवस को मनाने का उद्देश्य छात्रों में गणितीय अवधारणाओं को बढ़ावा देना एवं कलात्मक प्रतिभा प्रदर्शित करने के लिए एक मंच प्रदान करना है। पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में 6 अलग-अलग संस्थानों के कुल 32 छात्रों ने भाग लिया। प्रतिभागियों ने भारतीय गणितज्ञ और उनके योगदान, जीवन में गणित की भूमिका और श्रीनिवास रामानुजन के योगदान - विषयों पर रचनात्मक रूप से पोस्टर तैयार किए। एम.एल.एन. कॉलेज यमुनानगर से कुमकुम रानी ने प्रथम स्थान, अग्रवाल कॉलेज बल्लभगढ़ से राधिका ने द्वितीय स्थान और एस.एम.एम. पलवल से मोनिका ने पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में तृतीय स्थान प्राप्त किया।

राष्ट्रीय स्तर की ऑनलाइन क्विज़ प्रतियोगिता का उद्देश्य छात्रों के गणितीय अवधारणाओं के ज्ञान और समझ का परीक्षण करना होता है। इस क्विज़ में 11 अलग-अलग संस्थानों के कुल 52 छात्रों ने भाग लिया। क्विज प्रतियोगिता में बीजगणित, ज्यामिति और संख्या सिद्धांत जैसे गणित की विभिन्न शाखाओं से संबंधित प्रश्नों के साथ-साथ श्रीनिवास रामानुजन के जीवन और कार्य पर आधारित प्रश्न शामिल थे। एम.एल.एन. कॉलेज, यमुनानगर से कार्तिक ने प्रथम स्थान, श्याम लाल कॉलेज, दिल्ली से भवर सिंह ने द्वितीय स्थान और अग्रवाल कॉलेज बल्लभगढ़ से सुधांशु मोहपात्र ने क्विज़ प्रतियोगिता में तृतीय स्थान प्राप्त किया। गूगल फॉर्म के माध्यम से कार्यक्रम को सुचारु रूप से आयोजित किया गया, जिससे विभिन्न क्षेत्रों में प्रतिभागियों के लिए व्यापक पहुंच सुनिश्चित हुई। यह एक सफल आयोजन रहा, जिससे प्रतिभागियों को गणित की दुनिया का अन्वेषण करने के लिए प्रेरित किया गया।

आयोजन सचिव की भूमिका डॉक्टर प्रिया अरोड़ा ने निभाई। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में गणित विभाग के समस्त प्रवक्ता गणों ने महत्वपूर्ण सहयोग दिया।

Latest: अनुकरणीय योगदान के लिए डीएवी शताब्दी

INDUSTRY - उद्योग और कारोबार | हरियाणा-NCR | POLITICS - राजनीति | SPORTS-खेल | देश-प्रदेश | ENTERTAINMENT-एंटरटेनमेंट | CRIME अपराध
POSITIVE NEWS- सकारात्मक खबर | MORE...

जनतंत्र टुडे



# अग्रवाल महाविद्यालय में महान गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन के 137 वें जन्मदिवस के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय गणित दिवस उत्साह पूर्वक मनाया गया

10 hours ago · jantantratoday · #haryana #faridabad

फरीदाबाद , जनतंत्र टुडे / अग्रवाल महाविद्यालय बल्लभगढ़ में महान गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन के 137 वें जन्म दिवस के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय गणित दिवस उत्साह पूर्वक मनाया गया। यह कार्यक्रम देवेंद्र कुमार गुप्ता (अग्रवाल कॉलेज गवर्निंग बॉडी के अध्यक्ष), दिनेश गुप्ता (अग्रवाल कॉलेज
गवर्निंग बॉडी के महासचिव) और कार्यवाहक प्राचार्य डॉ. संजीव कुमार गुप्ता के मार्गदर्शन में उत्साह के साथ मनाया गया।

प्रसिद्ध गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन की जयंती को याद करने के लिए, छात्रों को रचनात्मक और इंटरैक्टिव तरीके से गणित के साथ जुड़ने के लिए दो रोमांचक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया: "राष्ट्रीय स्तर की ऑनलाइन पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता" और "राष्ट्रीय स्तर की ऑनलाइन क्विज़ प्रतियोगिता"। क्विज़ प्रतियोगिता 22.12.2024 को आयोजित की गई थी और पोस्टर जमा करने की अंतिम तिथि 20.12.2024 थी।
गणित विभाग अध्यक्ष एवं कार्यक्रम संयोजक डॉक्टर के. एस. कौशिक जी ने बताया कि इस दिवस को मनाने का उद्देश्य छात्रों में गणितीय अवधारणाओं को बढ़ावा देना एवं कलात्मक प्रतिभा प्रदर्शित करने के लिए एक मंच प्रदान करना है। पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में 6 अलग-अलग संस्थानों के कुल 32 छात्रों ने भाग लिया। प्रतिभागियों ने भारतीय गणितज्ञ और उनके योगदान, जीवन में गणित की भूमिका और श्रीनिवास रामानुजन के योगदान - विषयों पर रचनात्मक रूप से पोस्टर तैयार किए। एम.एल.एन. कॉलेज यमुनानगर से कुमकुम रानी ने प्रथम स्थान, अग्रवाल कॉलेज बल्लभगढ़ से राधिका ने द्वितीय स्थान और एस.एम.एम. पलवल से अंशिका ने पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में तृतीय स्थान प्राप्त किया।

राष्ट्रीय स्तर की ऑनलाइन क्विज़ प्रतियोगिता का उद्देश्य छात्रों के गणितीय अवधारणाओं के ज्ञान और समझ का परीक्षण करना होता है। इस क्विज़ में 11 अलग-अलग संस्थानों के कुल 52 छात्रों ने भाग लिया। क्विज प्रतियोगिता में बीजगणित, ज्यामिति और संख्या सिद्धांत जैसे गणित की विभिन्न शाखाओं से संबंधित प्रश्नों के साथ-साथ श्रीनिवास रामानुजन के जीवन और कार्य पर आधारित प्रश्न शामिल थे। एम.एल.एन. कॉलेज, यमुनानगर से कार्तिक ने प्रथम स्थान, श्याम लाल कॉलेज, दिल्ली से भवर सिंह ने द्वितीय स्थान और अग्रवाल कॉलेज बल्लभगढ़ से सुधांशु मोहपात्र ने क्विज़ प्रतियोगिता में तृतीय स्थान प्राप्त किया। गूगल फॉर्म के माध्यम से कार्यक्रम को सुचारु रूप से आयोजित किया गया, जिससे विभिन्न क्षेत्रों में प्रतिभागियों के लिए व्यापक पहुंच सुनिश्चित हुई। यह एक सफल आयोजन रहा, जिससे प्रतिभागियों को गणित की दुनिया का अन्वेषण करने के लिए प्रेरित किया गया।

आयोजन सचिव की भूमिका डॉक्टर प्रिया अरोड़ा ने निभाई। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में गणित विभाग के समस्त प्रवक्ता गणों ने महत्वपूर्ण सहयोग दिया।

## फटाफट खबरें

# कॉलेज में मनाया गया गणित दिवस

**एनबीटी न्यूज, फरीदाबाद :** अग्रवाल कॉलेज बल्लभगढ़ में गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन के 137वें जन्मदिवस के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय गणित दिवस मनाया गया। कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ. संजीव गुप्ता के निर्देशन में कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान राष्ट्रीय स्तर पर पोस्टर मेकिंग व क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में छह अलग-अलग संस्थानों के कुल 32 छात्रों ने भाग लिया। एमएलएन कॉलेज यमुनानगर से कुमकुम रानी ने पहला स्थान, अग्रवाल कॉलेज बल्लभगढ़ से राधिका ने दूसरा व एसएमएम कॉलेज पलवल की मोनिका ने तीसरा स्थान हासिल किया। इस क्विज में 11 अलग-अलग संस्थानों के कुल 52 छात्रों ने भाग लिया।

